तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

## बिना वैध फार्मेसी लाइसेंस के संचालित दवा दुकानों पर करें कार्रवाई : कलेक्टर



# हाथियों से जनहानि रोकने के लिए गजरथ अभियान पर भारी पड़ सकती है आक्रामक हथिनी



उत्पात मचाती हथिनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में हाथियों के हमले से जनहानि रोकने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वन विभाग का गजरथ के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का विशेष अभियान शुरू कराया है। गजरथ अभियान के माध्यम से जशपुर वन मंडल में 30 से अधिक गांव के स्कूलों में पहुंच कर चार हजार विद्यार्थी और ग्रामीणों को आवश्यक समझाइश तथा शिक्षक और पंचायत प्रतिनिधियों को भी विशेष सतर्कता कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है।

जशपुर वन मंडल अधिकारी शशिकुमार का कहना है कि गजरथ अभियान से हाथियों से बचाव करने की दिशा में गांव के अंतिम छोर पर पहुंच कर जागरूक करने के अच्छे परिणाम तो सामने आए हैं। लेकिन अपने दल से बिछड़ कर शावक के साथ पत्थलगांव और सीतापुर क्षेत्र में विचरण करने वाली गुस्सेल मादा हाथी ने दर्जनों गांवों में दहशत बढ़ा दी है। इस उत्तेजित हथिनी ने पत्थलगांव के एक सरकारी स्कूल में वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला करने के बाद तमता क्षेत्र में एक किसान को कुचल कर मार डाला था।इसके पहले भी हथिनी ने लैलूंगा और बाकारुमा में तीन अन्य लोगों को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया है। जशपुर वन मंडल के अधिकारी शशिकुमार का कहना है कि आक्रामक हाथी के व्यवहार को लेकर यंहा जनहानि की घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी बात के मद्देनजर उन्होंने आक्रामक मादा हाथी को ट्रेंकुलाइज कर उसका उसका उपचार करने हेतु संबंधित उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा है। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि जमीनी स्तर पर आक्रामक मादा हाथी की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने वाले वन अधिकारी के ही सुझाव को उच्च अधिकारियों ने अभी तक गंभीरता से नहीं लिया है। मादा हाथी लगातार पत्थलगांव और सीतापुर क्षेत्र में ही विचरण करने से यंहा कांसाबेल वन परिक्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों में भय व्याप्त है। पत्थलगांव वन अधिकारी कृपा सिंधु पैंकरा का कहना है कि सरगुजा की सरहद पर विचरण करने वाली मादा हाथी की मौजूदगी चिंता की बात है। इसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।



हाथी से बचाव के लिए रवाना किया गया था गजरथ।

हाइटेक बस स्टैंड निर्माण के लिए चिन्हांकित स्थल व निर्माणधीन अटल परिसर का भी किया निरीक्षण

# विधायक व कलेक्टर ने ऑडिटोरियम निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

विधायक श्रीमती गोमती साय और कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को पत्थलगांव में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए भूमि चयन हेतु प्रस्तावित स्थलों, निर्माणधीन अटल परिसर, हाइटेक बस स्टैंड निर्माण के लिए चिन्हांकित स्थल का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ की राशि हुई है स्वीकृत

विधायक श्रीमती साय और कलेक्टर श्री व्यास ने पत्थलगांव में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल ब्लॉक ऑफिस कैंपस और ठाकुर शोभा सिंह कॉलेज परिसर का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि प्रस्तावित ऑडिटोरियम के लिए सुगम पहुंच मार्ग, पर्याप्त पार्किंग और अन्य सुविधाओं का समुचित प्रबंधन होना चाहिए। 300 सीटी वाले इस ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु हाल ही में 4 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह अम्बेडकरनगर में हाइटेक बस स्टैंड निर्माण के लिए चिन्हांकित स्थल का अवलोकन किया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। 4.99 करोड़ की लागत से लगभग 3.5 एकड़ में बनने वाले इस बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा के लिए कॉम्प्लेक्स, गार्डनिंग, पार्किंग, प्रतीक्षालय सहित अन्य निर्माण कार्य कराया जाना है। रेस्ट हाउस के समीप बन रहे अटल परिसर के अवलोकन के दौरान विधायक श्रीमती साय ने प्रवेश द्वार को आकर्षक और मजबूत बनाने के साथ ही परिसर प्रवेश स्थल पर सीढ़ी और रैंप निर्माण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यहां पर बच्चों के लिए गार्डन , कारपेट घास लगाने, दीवालों को ऊंचा करने के साथ ही इस पर आकर्षक पेंटिंग करने, प्रकाश का समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता मोचन कश्यप, एसडीओ संतोष पैंकरा, तहसीलदार प्रांजल मिश्रा सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



पत्थलगांव पहुंचकर मौके का निरीक्षण करते विधायक व कलेक्टर।

# 204 श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना



**जशपुरनगर।** बुधवार को जिले के सभी विकास खंड के जनपद पंचायत कार्यालय और नगरीय निकाय से जनप्रतिनिधियों ने अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जशपुर जनपद पंचायत से विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जनपद पंचायत कुनकुरी से जनपद सदस्य विश्व नाथ सिदार बगीचा नगर पंचायत से प्रभात सिदाम ने श्रद्धालुओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के स्थानीय निवासियों को श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा योजना अंतर्गत दिनांक 30 जुलाई से 2 अगस्त 2025 के यात्रा हेतु जिले से कुल-204 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया।

- सभी जनपद पंचायत से जनप्रतिनिधियों ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## खबर संक्षेप



### आठ आयुष ग्रामों में औषधीय पौधों का रोपण

**जशपुरनगर।** जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा आठ आयुष ग्रामों में ''एक पेड़ मां के नाम थीम पर 643 औषधियों पौधों का रोपण किया गया। आठ आयुष ग्रामों में नारायणपुर, बटईकेला, तुमला, कुरोंग, शेखरपुर, करडेगा, घाघरा एवं लोखण्ड़ी शामिल हैं। इन ग्रामों में पौधरोपण कर ग्रामीणजनों को भी पौधों का वितरण किया गया। उन्हें पौधों के औषधिय गुणों और उनके उपयोगिता के संबंध जानकारी दी गई। साथ ही संरक्षण करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणजनों को वर्षा ऋतु जन्य रोग, उसके रोकथाम और घरेलू उपचार के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### रिक्त पदों के लिए आवेदन 12 अगस्त तक

**जशपुरनगर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 हेतु राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा अतिथि शिक्षक एवं स्टाफ नर्स निर्धारित मानदेय पर अस्थायी रूप से विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक रिक्त पदों पर निर्धारित योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों से मेरिट के आधार पर चयन किया जाना है। जिसके लिए जारी विज्ञापन में अन्य आवश्यक संशोधन किये गये हैं। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 12 अगस्त 2025 तक कार्यालयीन दिवस में सायं 05:00 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से संबंधित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रस्तुत कर सकते है।

### प्रथम शहर आगमन पर गुप्ता भव्य स्वागत



**जशपुरनगर।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया राष्ट्रीय सचिव बनने के बाद जिले में बुधवार को प्रथम आगमन हुआ,उनके समर्थको ने गर्म जोशी से राष्ट्रीय सचिव विजय गुप्ता का स्वागत किया। साथ ही बारी बारी से शहर के लोगो ने उन्हें बधाई दी है। इस मौके पे पत्रकारों को सम्मोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश मे व्याप्त बेरोजगारी के कारण होने वाले पलायन को रोकने हेतु रामदास आठवले सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री भारत सरकार के योजनाओं को युवा शक्ति तक पहुंचाना है और, अन्य जरुरी मसलो पर जनता के हित मे आवाज़ उठाते रहेंगे। उन्होंने मानव तस्करी को बेरोजगारी को मुख्य वजह बताया है। स्वागत के पश्चात प्रदेश सचिव सत्येन्द्र पाठक ने विजय गुप्ता को गरीबो का मशीहा बताया, उन्होंने कहा की कोरोना काल मे जो इन्होने कार्य किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता और आज भी लोगो की सेवा में तत्पर है इनका दरवाजा जनता के लिए हमेशा खुला है।

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए शिविरों का होगा आयोजन

**जशपुरनगर।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के मोटर वाहनों पर एचएसआरपी लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। लोगों की सुविधा की दृष्टि से कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में एचएसआरपी नंबर प्लेट हेतु शिविरों का आयोजन 31 जुलाई से 28 अगस्त 2025 तक विभिन्न स्थलों पर किया जाएगा। जिसके अनुसार 31 जुलाई, 01 एवं 02 अगस्त को सामुदायिक भवन लोदाम एवं सामुदायिक भवन पतराटोल , 04, 05 एवं 06 अगस्त को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल नारायणपुर में होगा।

## श्रमिक बच्चों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** श्रमिक परिवारों के बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु श्रम विभाग द्वारा "अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना"का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के पहले दो बच्चों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से कक्षा छठवीं में प्रवेश दिलाकर बारहवीं तक की शिक्षा आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। जशपुर के श्रम पदाधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ उन छात्र-छात्राओं को मिलेगा जो कक्षा पांचवीं में अच्छे अंक प्राप्त कर मेरिट के टॉप-10 में स्थान प्राप्त करेंगे और कोरम समितियों द्वारा चयनित किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों को सभी प्रकार की शुल्क माफ करते हुए प्रवेश शुल्क, शैक्षणिक शुल्क, गणवेश, पुस्तकें, छात्रावास एवं भोजन की व्यवस्था श्रमिक कल्याण मंडल द्वारा की जाएगी। योजना का लाभ लेने हेतु आवश्यक है कि श्रमिक का नाम भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में कम से कम एक वर्ष पूर्व से पंजीकृत हो तथा बच्चा कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए पात्र हो। योजना केवल प्रथम दो बच्चों पर लागू होगी। आवेदन के साथ जीवन्त श्रमिक पंजीयन कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, पूर्व कक्षा में उत्तीर्णता की अंकसूची, वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, पिछली कक्षा की टीसी (केवल प्रवेश हेतु), जाति प्रमाण पत्र तथा छात्र व छात्रा का आय प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। इस योजना के अंतर्गत आवेदन श्रमिक स्वयं श्रमेव जयते मोबाइल ऐप कर सकते हैं, जनपद पंचायत पर कार्यरत श्रम संसाधन केंद्र या नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

- कक्षा 6वीं से 12वीं तक नि :शुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध

# सड़क निर्माण की गुणवत्ता से समझौता नहीं : कलेक्टर



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

- लापरवाही करने पर ठेकेदार पर होगी कार्रवाई
- अस्पतालों में एंटी रेबीज इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए
- किसानों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री की घोषणा का क्रियान्वयन और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को प्रकरणों का निराकरण गंभीरता करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बसाहटों तक पूल पुलिया, सड़क, आंगनबाड़ी केंद्र स्वास्थ्य केन्द्र, आश्रम छात्रावास के निर्माण कार्यों को भी गंभीरता करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सभी स्वास्थ्य केन्द्र में एंटी रेबीज इंजेक्शन की उपलब्धता की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी स्वास्थ्य केन्द्र में एंटी रेबीज इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और मरीज इंजेक्शन लगवाने आते हैं तो उनको तत्काल लगाया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस संबंध में शिकायत नहीं आनी चाहिए और लापरवाही बरतने वाले पर कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को सड़क की गुणवत्ता को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा जो ठेकेदार गुणवत्ता का ध्यान नहीं रख रहा है उन पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को अवगत कराया की केन्द्र सरकार द्वारा जिन बसाहटों तक पूल पुलिया सड़क, अस्पताल आश्रम छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्र और अन्य कार्य की आवश्यकता है तो उसका प्रस्ताव मांगा गया है। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों से इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कृषि अधिकारी से खाद बीज उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली और सोसायटी के माध्यम से सभी किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कृषि अधिकारी को स्वयं फिल्ड विजिट करके किसानों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

## 13.5 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**पत्थलगांव।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार अवैध मादक द्रव्यों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को नगर पंचायत पत्थलगांव में आबकारी दल एवं पुलिस विभाग के दल द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। जिसमें पत्थलगांव के पुरानी बस्ती में जिला आबकारी अधिकारी महिमा पट्टावी के मार्गदर्शन में छापामार कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। संयुक्त दल के द्वारा कार्रवाई के दौरान गीता सारथी एवं शिव सारथी को रहवासी मकान से 13.5 लीटर महुवा शराब एवं 55 किग्रा महुवा लाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क), (च), 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर रिमांड पर लेकर जेल दाखिल किया गया है।

- आबकारी एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने की कार्रवाई

गौ-तस्करी पर फिर कसा शिकंजा

# लोदाम पुलिस ने जंगल से छुड़ाए 7 गौ-वंश, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गौ-तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना लोदाम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चराईडांड, डुमरटोली के जंगलों से पुलिस ने सात नग गौवंशों को बरामद किया है, जिन्हें तस्कर झारखंड की ओर ले जा रहे थे।

- झारखंड ले जाए जा रहे थे ,जंगल में गौ-वंश छोड़ आरोपी फरार

पुलिस को 29 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली, कि कुछ व्यक्ति जंगल के रास्ते मवेशियों की तस्करी कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में थाना लोदाम की टीम मौके पर रवाना हुई। पुलिस ने जंगल में घेराबंदी की,लेकिन पुलिस की मौजूदगी भांपते ही तस्कर अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए।



जब्त किए गए मवेशी।

### इनकी रही विशेष भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी लोदाम हर्षवर्धन चौरासे, उप निरीक्षक संजीव कुमार कायता, आरक्षक हेमंत कुजूर, सुभाष पैंकरा व जशवंत मिंज की सराहनीय भूमिका रही।

### बेरहमी से पीटते ले जा रहे थे आरोपी

पुलिस ने मौके से सात मवेशियों को सकुशल बरामद किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि तस्कर मवेशियों के साथ क्रूरता से पेश आ रहे थे। सभी गौवंशों का पशु चिकित्सक की देखरेख में उपचार कराया गया है।

### आरोपियों की पहचान, गिरफ्तारी जल्द

पुलिस ने तस्करों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इस मामले में थाना लोदाम में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 व 10 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### सक्रिय हुआ पुलिस का मुखबिर तंत्र

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस ने तस्करों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। गौ-तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## विनोबा ऐप के माध्यम से स्कूलों में नवाचारी शिक्षा को दिया जा रहा प्रोत्साहन

**जशपुरनगर।** जिले में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शिक्षिका को यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता एवं सदस्य संजीव शर्मा ने संकल्प शिक्षण संस्थान में उपहार देकर सम्मानित किया। इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। यह कार्यक्रम कलेक्टर के मार्गदर्शन में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता के द्वारा संचालित कराया जा रहा है। कार्यक्रम के तारतम्य में विनोबा एप में जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उपस्थित दर्ज किया जाता है एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को अपलोड किया जाता है। इस अवसर पर विजेता हुई माध्यमिक शाला कुनकुरी के श्रीमती गायत्री देवता को उपहार वितरण किया गया। सभी विजेता शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर संजय दास, सीमा गुप्ता, राजेंद्र प्रेमी, सरिता नायक, एलन साहू, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, रीमा यादव, प्रवीण कुमार सिन्हा, ने बहुत बहुत बधाई दिया। कार्यक्रम में फरसाबहार एवं जशपुर ब्लॉक के समस्त माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक भी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### जवाहर नवोदय विद्यालय के 15 छात्र छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा में

**अम्बिकापुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा के 15 छात्र-छात्राएं विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर की टीम में चयनित हुए हैं। चयनित विद्यार्थियों में चंद्रशेखर प्रधान एथलेटिक्स राधिका बर्मन, कबड्डी में आध्या गुप्ता एवं निगार फातिमा बैडमिंटन, मैक्स खलखो, विभूति लकड़ा एवं भावना सिंह मुक्केबाजी , रविशंकर, प्रेक्षा खरे, असीम एक्का, अदिति सिंह, दिव्या लकड़ा एवं सृष्टि ठाकुर वॉलीबॉल, शौर्यम सोनी क्रिकेट एवं संस्कार गुप्ता चेस राष्ट्रीय टीम में शामिल किये गए है। प्राचार्य डॉ.एसके सिन्हा ने चयनित विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा जीत का आशीर्वचन दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे विद्यालय की शिक्षा और सह-शैशणिक गतिविधियों की उच्च गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने खेलकूद शिक्षक अजय पाण्डेय एवं शिक्षिका सुश्री नीलकमल के योगदान की सराहना की। शिक्षकों ने चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### राज्य स्थापना के रजत जयंती अवसर पर अजबनगर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला



**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वे वर्षगांठ रजत जयंती अवसर पर विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर अजबनगर के साप्ताहिक बाजार प्रांगण में लगाया गया, शिविर में अजबनगर प्राथमिक पाठशाला, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य के हिसाब से उनको आवश्यकता अनुसार दवाई भी वितरण की गई। शिविर में अजबनगर, रविंद्रनगर, मदनपुर, संजयनगर के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, साथ ही गर्भवती महिलाओं का विशेष परीक्षण कर उनको समय-समय पर टीका लगवाने की बात कही गई।कार्यक्रम में शिविर प्रभारी डॉ रणविजय सिंह, आयुष अधिकारी डॉ योगेश पांडेय, डॉ संतोष सिंह, डॉ परमेश्वर पटेल, डॉ उमेश लवली, शिवलाल कुमार, अजय समद्दार, प्रेमलाल बघेल, सुनील, अजबनगर सरपंच नैनसाय, पूर्व सरपंच अर्जुन सिंह, भाजपा नेता कन्हाई लाल विश्वास, शुभेंदु चटर्जी उपस्थित थे।

### खुले सैप्टिक टैंक में गाय गिरकर मरी, बदबू से कॉलोनी वासी परेशान

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक आरटीआई कॉलोनी में खुले सैप्टिक टैंक में गिरकर एक गाय की मौत हो गई है।यहाँ पर कई घंटे



बीत जाने बाद भी गाय के शव को टैंक से बाहर नहीं निकाला जा सका है जिससे सड़ती लाश से फैलती बदबू ने आसपास के माहौल को पूरी तरह असहनीय बना दिया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है,यहां की खुली सैप्टिक टंकियां हादसों को न्योता दे रही हैं और एसईसीएल प्रबंधन ने उक्त सम्बन्ध में कोई सुधार कार्य नहीं किया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि एसईसीएल आवासीय कालोनियों में स्थित कई सैप्टिक टैंक वर्षों से बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं और इस पर कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है।स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों के लिए ये टैंक जानलेवा खतरा बने हुए हैं।कॉलोनीवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही इन टैंकों को ढंका नहीं गया,तो कोई बड़ी मानवीय दुर्घटना हो सकती है।लोगों का कहना है कि गाय की लाश से उठती दुर्गंध के कारण लोगों को खिड़की-दरवाजे बंद करके रहना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में सड़ती बदबू और गंदगी से क्षेत्र में गंभीर संक्रमण फैलने की आशंका भी बढ़ रही है।

### चौपाटी के पास खाली नजूल भूमि में हो पार्किंग की व्यवस्था, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चौपाटी के निकट चोपड़ापारा स्थित खाली शासकीय भूमि में पार्किंग बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि चौपाटी के पास चोपड़ापारा में खुली जमीन को ननि आयुक्त को मंगल भवन निर्माण के लिए आवंटित किया गया है। भूमि आवंटन के वर्षों बाद भी ननि द्वारा अभी तक मंगल भवन का निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया है। चौपाटी के बाहर मुख्य मार्ग पर अवैध तरीके से लगभग 25 ठेले संचालित हो रहे हैं जिसके कारण सड़क पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है।

## नाग पंचमी पर हुआ दंगल

# प्रदीप को मिला सरगुजा केसरी का खिताब, दुर्गेश बने सरगुजा कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नागपंचमी के अवसर पर शहर के मंदिरो में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित नाग मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव व शेष नाग की पूजा अर्चना कर उन्हें दूध, बेलपत्र चढ़ाया और अपने व परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं परम्परा के अनुसार नाग पंचमी पर अखाड़े का आयोजन किया गया। नाग पंचमी में आयोजित दंगल कुश्ती में पहलवानों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

**खास बात**
- मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

बता दें कि नागपंचमी के अवसर पर सरगुजा कुश्ती संघ द्वारा स्थानीय मल्टी परपज हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में कुश्ती खेल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की शुरुआत सर्वप्रथम बजरंगबली के पूजन आरती एवं पुष्पांजलि कर की गई। इस दंगल में सरगुजा सहित प्रदेश के 100 जोड़े पहलवान शामिल हुए। इस दंगल प्रतियोगिता को सीनियर और जूनियर वर्ग में विभाजित किया गया था। दंगल प्रतियोगिता के दौरान प्रदेश भर से आए पहलवानों के बीच कुश्ती का शानदार मुकाबला हुआ। पहलवानों के नए नए पैतरों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस दंगल में सरगुजा केसरी का खिताब विजेता प्रदीप पैकरा ने हासिल किया। विजेता असोला निवासी प्रदीप पैकरा को 21 हजार रुपए नगद व शील्ड प्रदान किया गया। इसी तरह उप विजेता का खिताब मोहम्मद अयान ने जीता। उप विजेता को 11 हजार रुपए नगद व शील्ड प्रदान किया गया। इसी तरह सरगुजा कुमार विजेता बिलासपुर के दुर्गेश बंशगार बने जबकि सरगुजा कुमार असोला निवासी उप विजेता लक्ष्मी प्रसाद, सरगुजा अभिमन्यु विजेता अर्जुन सारथी असोला व अभिमन्यु उप विजेता देवानंद उदारी लुण्ड्रा रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर ने आयोजन के लिए समिति को 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की इस दौरान कार्यक्रम में सरगुजा कुश्ती संघ के संरक्षक मेजर अनिल सिंह, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, आईजी दीपक झा, कलेक्टर विलास भोस्कर, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, रामा पांडेय, ललन प्रताप सिंह, द्वितेंद्र मिश्रा, जितेन्द्र शर्मा, हरमिंदर सिंह(टिन्नी), अभिमन्यु गुप्ता, आलोक दुबे, मधुसुदन शुक्ला, कुश्ती संघ अध्यक्ष विकास पांडेय, दीपक सिंह तोमर, संजीव वर्मा, शशिकांत जायसवाल, रूपेश दुबे, शैलेन्द्र सिन्हा, प्रकाशमणि त्रिपाठी, रविशंकर जायसवाल, रविकांत उरांव, रवि विश्वकर्मा, सुनील यादव, विवेक सिंह, अमोघ कश्यप, राहुल पांडेय, हर्ष पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।



अतिथियों के साथ विजेता प्रतिभागी।

### मंदिरो में उमड़ी भक्तों की भीड़

नागपंचमी के अवसर पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्त सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे थे जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की। शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित नाग मंदिर में भी भक्तों ने भगवान शिव व शेष नाग की पूजा अर्चना कर उन्हें दूध, बेलपत्र चढ़ाया और अपने व परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की। नाग पंचमी और सावन सोमवार को लेकर स्थानीय हनुमान मंदिर स्कूल रोड और अस्पताल रोड स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर हनुमान मंदिर में नाग पंचमी का उत्सव मनाया गया। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में श्री महावीर मंडल लोक न्यास समिति द्वारा भगवान हनुमान का पूजन एवं अखंड हरी कीर्तन 8 बजे सुबह से प्रारंभ किया गया। इसके बाद हनुमान जी की महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की कुश्ती स्थानीय हनुमान मंदिर प्रांगण में कराई गई।

#### शहर में निकली शोभा यात्रा

नागपंचमी के अवसर पर शाम को स्कूल रोड हनुमान मंदिर और अस्पताल मार्ग बाबा विश्वनाथ मंदिर हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा शहर में निकाली गई। इस दौरान झंडे को उठाने श्रद्धालु उमड़ पड़े थे। शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से होकर वापस हनुमान मंदिर पहुंची।



## मंत्री परिवार के साथ रामानुजगंज पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति द्वारा श्रावण महीने में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावड़ यात्रियों के रूकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में की गई है जहां आज बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सपत्नीक अन्य परिवार के साथ पहुंचे। उन्होंने कांवरिया सेवा समिति के सेवा कार्यों की जमकर सराहना की।

- बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के सेवा कार्य में हुए सम्मिलित

इस दौरान नगर के मांगलिक भवन में बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर वासियों द्वारा स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया गया। नगर के पुजारियो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शंख ध्वनि के साथ स्वास्थ्य मंत्री के हाथों विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की मांगलिक भवन में पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सीमा पर कन्हर नदी के तट पर स्थित रामानुजगंज में कांवरिया सेवा समिति द्वारा सेवा, श्रद्धा, समर्पण भाव से श्रावण मास में बाबा वैद्यनाथ धाम की यात्रा में जा रहे कावड़ यात्रियों की सेवा की जा रही है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के दूर दराज गांव एवं शहर से 200 से 500 किलोमीटर दूरी तय करके कांवड़ यात्री रामानुजगंज तक पहुंचते है। यहां पर जिस प्रकार से एक साथ 300 से अधिक लोगों के लिए भोजन एवं रुकने की प्रतिदिन व्यवस्था की जा रही है इससे कावड़ यात्रियों को बहुत राहत मिल रही है एवं उनके लिए आगे का सफर भी आसान हो रहा है। बाबा बैजनाथ धाम कावर सेवा समिति के प्रमुख एव नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि नगर वासियों के सहयोग से सेवा कार्य की सम्पूर्ण व्यवस्था सुगमता पूर्वक संचालित हो रही है।

## कुश्ती के सीनियर वर्ग में अनुज तो जूनियर में शांतनु ने मारी बाजी

**अम्बिकापुर।** नागपंचमी के अवसर पर शहर की अनोखी सोच सामाजिक संस्था ने अपने धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के उद्देश्यों के अंतर्गत स्थानीय बाबा विश्वनाथ एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा सम्पन्न कराया। जिसमें आसपास के क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की।

- अनोखी सोच द्वारा नाग पंचमी के अवसर पर कराया कुश्ती

पूजा पश्चात संस्था द्वारा मणिपुर क्षेत्र में कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। कुश्ती में छोटी उम्र से लेकर बड़े पहलवानों ने अपने कुश्ती के जोहर का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने पहलवानों के पैतरों और कुश्ती देखने का आनंद लिया। संस्था द्वारा मंदिर प्रांगण में पूजा उपरांत भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। वहीं कुश्ती प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के विजेता अनुज खेस को 15 हजार और उपविजेता ऋषभ मिश्रा को 7 हजार 100 रूपए की राशि तथा जूनियर वर्ग के विजेता शांतनु साहू को 5100 रुपए और उपविजेता अगत मुंडा को 3100 रुपये की नकद राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। इसके उपरांत प्रतिवर्ष की भांति सायंकाल 6 बजे से बजरंगबली के यश प्रतिष्ठा एवं भक्ति के प्रतीक ध्वज के साथ झांकी और जुलूस के रूप में जागरण यात्रा भी संपन्न हुई। जिसमें नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, विनोद अग्रवाल, पार्षद मनोज कंसारी, सुरेश मलिक एवं अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी, दिनेश गर्ग, राकेश शुक्ला, राजकुमार साहू, मोती ताम्रकार, अरुण अग्रवाल, लरंग मुंडा, जवाहर साहू, सुनील साहू, बजरंग, भोला रक्सेल, बनाफर मुंडा, सावन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।





### छात्राओं ने देश के वीर सैनिकों के लिए बनाई राखियां

**अम्बिकापुर।** देश की सीमा पर चौबिसों घंटे तैनात रहने वाले वीर जवान भाईयों के लिए स्कूली छात्राओं ने राखी बनाई है। ये राखियां स्काउट गाईड के द्वारा आयोजित एक राखी देश के सैनिक के नाम प्रतियोगिता के तहत बनाई गई। शहर के बड़े नामचीन मोंटफोर्ट स्कूल में स्काउट गाईड द्वारा एक राखी देश के सैनिक के नाम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्काउट गाईड मास्टर कमल कांत सिन्हा एवं गाईड कैप्टन बरखा गोस्वामी के मार्गदर्शन में मिडिल स्कूल की छात्राओं ने देश के वीर सैनिकों के लिए राखी बनाने के इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने इस आयोजन में मनमोहक एवं खूबसूरत राखियां बनाई। स्कूल के प्राचार्य ब्रदर सेवक ग्रेब्रियल ने स्कूली छात्राओं को इस आयोजन में बेहतर एवं खूबसूरत राखियां बनाने पर प्रोत्साहित किया और छात्राओं के काम की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं द्वारा बनाई गई राखियों को देश की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों के प्रति स्नेह और सम्मान बताया।

## लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ें बच्चे, आने वाला समय एआई का

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुंड्रा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज के मुख्य अतिथ्य में आयोजित किया गया। विधायक प्रबोध मिंज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ें। आने वाले समय में प्रतिष्पर्धा बढ़ती जाएगी।

- शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए लुंड्रा विधायक

अब एआई का युग आ रहा है। इसलिए छात्रों को लक्ष्य निर्धारण कर कड़ी मेहनत करनी होगी। कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक कर मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक प्रबोध मिंज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से दो दशक पूर्व सरगुजा जिले में न तो पढ़ाई के लिए पर्याप्त संसाधन थे और न ही सुविधाएं। इस कारण आपके पालक पढ़कर वह नहीं बन सके जो वे बनना चाहते थे। वे बच्चों को अपने सपने पूरा करते देखा चाहते हैं। विधायक ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए दसवीं एवं बारहवीं में ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को 25-25 हजार रुपये की राशि देकर पुरस्कृत किया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विधायक ने छात्रों को पाठ्य पुस्तकें, गणवेश और अन्य शैक्षणिक सामग्री निःशुल्क वितरित की। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार वर्मा व छात्रों ने विधायक से प्रार्थना स्थल पर शेड का निर्माण, बालक-बालिका के लिए पृथक शौचालय निर्माण की मांग रखी। विधायक प्रबोध मिंज ने इसे त्वरित स्वीकृति प्रदान की और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्राचार्य राकेश कुमार वर्मा तथा शिक्षक दयाशंकर सिंह, लक्ष्मण राम जगत, शिखा गुप्ता, सीमा तिग्गा, विनीता जायसवाल और विमला कुजूर द्वारा पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संजय कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि जयंत मिंज, अभिषेक पावले, जनपद सदस्य राजेश सोनी, लुंड्रा सरपंच सोमार साय, चिरगा सरपंच मानसाय, एसएमडीसी अध्यक्ष राकेश सिंह सहित बीईओ मनोज कुमार वर्मा, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पालकगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री ने किया हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, ग्रामीणों से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने मैनपाट के हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। पूर्व मंत्री ने भारी बारिश के बीच हाथी प्रभावित दातीधाम, बैगहवा, भावपहाड़, चोरकीपानी, नर्मदापुर, कंडराजा बी, लहवा पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों से फोनपर बात कर समस्याओं के निराकरण हेतु पहल की।

बता दें कि मैनपाट क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का दल लगातार उत्पात मचा रहा है। बारिश के मौसम में रात के अंधेरे में हाथी बस्तियों में घुसकर मकानों में तोड़फोड़ कर रहे है। ऐसे में अमरजीत भगत ने दूरस्थ क्षेत्रों का दौरा कर हाथी की समस्या, आकाशीय बिजली, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों से बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों के टूटे हुए मकानों, फसल नुकसान का जायजा लिया व मृतकों के परिजन से मिलकर सांत्वना दिया। इस दौरान उन्होंने कई गांव में हाथियों से बचने के लिए सर्च लाईट अपने निजी व्यय से उपलब्ध कराया। वहीं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से चर्चा कर उनके निर्देशित किया कि पूर्व की भांति परिवारों को रात्रि विश्राम, भोजन, और अन्य आवश्यक सहायता तुरंत उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तंत्र को निष्क्रिय नहीं, संवेदनशील और तत्पर रहना चाहिए। प्राकृतिक आपदा और वन्यजीव द्वंद की मार झेल रहे गरीब ग्रामीणों को अकेला छोड़ना एक सामाजिक अपराध जैसा है, और हम सबकी सामूहिक ज़िम्मेदारी है कि उन्हें राहत मिले।



# बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी

**बिश्रामपुर।** परिवार के साथ चिरमिरी से अंबिकापुर जा रहे युवक की बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को चोटे आई हैं हालांकि इसमें कोई जनहानी नहीं हुई है। गौरतलब है कि मंगलवार की दोपहर चिरमिरी से बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 19 सीए 4428 में चालक समीर सिंह पिता साकेत सिंह अपने दादा भूरा सिंह,दादी सीता देवी, मां बिंदु सिंह व पत्नी श्रद्धा के साथ अंबिकापुर जा रहा था,तभी एनएच 43 पर ग्राम जयनगर स्थित बरपारा समीप अचानक चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पलट गई,प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को मामूली चोटें आई है,यदि वाहन तेज गति जाने दौरान किसी जगह टकरा जाती तो गंभीर हादसा हो सकता था।कुछ देर बाद दूसरे वाहनों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो वाहन को वापस सीधा कर लिया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थाना से सहायक उपनिरीक्षक केश्वर मरावी,प्रधान आरक्षक दीपक दुबे,आरक्षक रवि पांडेय तत्काल मौके पर पहुंच डायल 112 के कर्मचारियों के साथ मिलकर घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।दुर्घटना उपरांत मौके पर कुछ समय के लिए आवागमन व्यवस्था भी बाधित हो गई थी।



### खड़े ट्रक के पीछे बाइक टकराई, युवक की हुई मौत

कांवड़ यात्रा में शामिल होने आए एक युवक की ट्रक से दुर्घटनाग्रत होने पर मौत हो गई है।जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पहाड़गांव गंझाडांड निवासी 24 वर्षीय बल्लू सिंह पिता अजीत सिंह सोमवार को कांवड़ यात्रा में शामिल होने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 9672 में आया था,इस दौरान रात करीब साढ़े ग्यारह बजे घर वापस लौटने पर गांव में ही स्थित एफसीआई गोदाम समीप एकांकी मार्ग पर बेतरतीब खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 2085 में पीछे से बाइक टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है।दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई है,मामले की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने बताया कि दो बेटी के पिता बल्लू सिंह की मौत होने से पहले ही कलेक्टर सुरजपुर को ज्ञापन सौंपा गया था कि यहां पर सिंगल रोड होने के वजह से ट्रक चालकों द्वारा बीच रोड में गाड़ी खड़ा कर दी जाती है और उससे टकराकर लोगों की जान जा रही है।बावजूद इसके कोई ठोस पहल नहीं उठाए जाने से उक्त घटना घटित हो गई है।



## महाविद्यालय में हुई जनभागीदारी समिति की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शासकीय कालिदास महाविद्यालय में जन भागीदारी समिति की प्रथम बैठक आहूत की गई। बैठक में जन भागीदारी समिति के सहयोग से चल रहे विभिन्न प्रकार के विषयों पर चर्चा की गई। महाविद्यालय में होने वाले खर्च संबंधित विवरण एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जन भागीदारी के माध्यम से टीचरों की नियुक्ति, लाइब्रेरी प्रयोगशाला छात्रों के हित में विभिन्न प्रकार के विषयों पर विचार विमर्श किया गया। कॉलेज कैंपस में साइकिल स्टैंड, कैंटीन और जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े हुए हैं उनके पुनरुत्थान के लिए एवं कई आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। महाविद्यालय में बने हुए अतिरिक्त कक्ष सहित महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। जन भागीदारी के अध्यक्ष सहित सदस्य जनप्रतिनिधियों ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष गुलाब मोहन तिवारी, मुकेश तायल, आनंद शुक्ला, रजनीश सिह, राजेश गुप्ता, राम रतन गुप्ता, अशोक जायसवाल, अंकुर पटेल, भगवान सिंह, प्रदीप यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।

लाइफ Style

# भूमि
## हर किसी की होती है अपनी पसंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।



हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।



# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मावर्ल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें


**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

टीवी मसाला



# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन



हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।

# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।

**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता



सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।

**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉड्र्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉड्र्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉड्र्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

## फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकती: सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

## धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।






**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

## सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

## *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## खबर संक्षेप



### योगासन प्रतियोगिता में दीपांशु ने मारी बाजी

**तमनार।** ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ पूंजीपथरा में 10 वर्ष से 55 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं पुरुष वर्ग का राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 25, 26, 27 जुलाई को संपन्न हुआ, जिसमें 33 जिलों के योगासन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में दीपांशु पटेल 18 से 21 वर्ष ने भाग लिया और प्रथम स्थान के रूप में गोल्ड मेडल प्राप्त कर योग सेवक अकैडमी रायगढ़ का नाम रोशन किया। अब दीपांशु पटेल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। योग सेवक अकैडमी की ओर से अशेष, हार्दिक मंगल शुभकामनाएं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी ने बांटे रेनकोट

**बिलाईगढ़।** ग्राम खुसरुपाली विकासखंड बागबाहरा जिला महासमुंद में जाकर ग्राम के निर्धन वर्गो के महिला व पुरुषों को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ संस्था के संस्थापक संजयकुमार मैथिल अध्यक्ष श्रीमती मीना भारद्वाज के द्वारा लगभग 69 ग्रामीण जनों को रेनकोट छाता मिठाई व फल वितरण करने का सराहनीय कार्य किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक परस राम साहू, ग्राम के सरपंच, जनपद सदस्य माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक प्रेमचंद डडसेना, प्रदेश उपाध्यक्ष महेत्तर लाल देवांगन महादेव प्रसाद जायसवाल मनीषा वाईकर, किरण शर्मा अंगद राम साहू, सदस्य लोकनाथ तांडे, जय राम साहू, राखी शिक्षक तिवारी, उषा चंद्राकर, ग्रामीण जन श्रीमती धनमत, ग्रामीण जनों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर में 151 बच्चों का हुआ परीक्षण

**रायगढ़।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, जिला रायगढ़ के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आज पीएम केंद्रीय विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर एवं डेंगू रोधी माह से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय के 151 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गयाए जिसमें हिमोग्लोबिन और सिकलिंग से संबंधित जांच भी की गई। जांच के दौरान 8 बच्चों में सिकलिंग पॉजिटिव की पुष्टि हुई। सभी बच्चों को संतुलित आहारए स्वच्छता और नियमित व्यायाम हेतु परामर्श दिया गया।

### जंगल से भटके चीतल पर कुत्तों ने किया हमला

**रायगढ़।** छाल क्षेत्र के गड़ईनबहरी में जंगल से भटककर गांव के पास आए चीतल पर कुछ कुत्तों ने धावा बोल दिया। कुत्तों ने पहले हिरण को दौड़ाया और थकाकर एक खेत में गिरा दिया। फिर उसे नोचने की तैयारी में थे, लेकिन ऐन वक्त पर गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसकी जान बचाई। दरअसल गड़ईनबहरी गांव के कुछ ग्रामीण कुत्तों के भौंकने की आवान सुन कर मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक चीतल कुत्तों से घिरा हुआ है और जान बचाने के लिए छटपटा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने बिना देर किए लाठी-डंडे लेकर कुत्तों को खदेड़ा। जिससे चीतल की जान बच गई।

### संवरेंगे श्रमिक परिवारों के बच्चों के भविष्य

**रायगढ़।** श्रमिक परिवारों के बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु श्रम विभाग द्वारा अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के पहले दो बच्चों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से कक्षा छठवीं में प्रवेश दिलाकर बारहवीं तक की शिक्षा आवासीय विद्यालयों में निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि उक्त योजना का लाभ उन छात्र-छात्राओं को मिलेगा जो कक्षा पाँचवीं में अच्छे अंक प्राप्त कर मेरिट के टॉप.10 में स्थान प्राप्त करेंगे और कोरम समितियों द्वारा चयनित किए जाएंगे।

# कलेक्टर ने सुलोनी हाईस्कूल में बच्चों को पढ़ाया अंग्रेजी और गणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डा. संजय कन्नौजे ने सोमवार को दोपहर में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पचपेड़ी, सुलोनी और उलखर स्थित स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। पचपेड़ी के प्राथमिक शाला भवन और संकुल केन्द्र भवन का कलेक्टर ने निरीक्षण किया और बरसात में भवन की स्थिति का जायजा लेते हुए बच्चों की पढ़ाई का अवलोकन किया।

इसी प्रकार हाईस्कूल सुलोनी में कलेक्टर ने कक्षाओं के संचालन का अवलोकन किया। कलेक्टर डा. कन्नौजे ने कक्षा नवमीं में स्कूली बच्चों को काल टेन्स पढ़ाया। उन्होंने प्रेजेन्ट सिम्पल टेन्स में बच्चों को मैं स्कूल जाता हूं को विस्तार से समझाया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में बच्चों को गणित के सवाल कैसे हल किया जाता है को ब्लैक बोर्ड में पढ़ाया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उलखर में सभी शिक्षकों से परिचय प्राप्त करने के बाद कलेक्टर ने पढ़ाई के बारे में छात्र-छात्राओं से जानकारी लिए। कलेक्टर ने प्राचार्य और शिक्षकों को कहा कि स्कूली बच्चों को सामान्य कोर्स की शिक्षा के अलावा नैतिक शिक्षा भी दें ताकि उन्हें जीवन में आवश्यक ज्ञान स्कूल से प्राप्त हो। जैसे सड़क सुरक्षा सप्ताह, स्वच्छता, पर्यावरण, लैंगिक उत्पीड़न। इस दौरान कलेक्टर डा. कन्नौजे द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्र सुमीत से सड़क सुरक्षा, बारहवीं की बायो की छात्रा से लीवर क्या काम करता है और कक्षा दसवीं की छात्रा से स्वच्छता के संबंध में जानकारी पूछने पर सभी के समक्ष स्कूली बच्चों ने बखूबी जवाब दिए। कलेक्टर ने सभी बच्चों को इस वर्ष अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण करने के लिए अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहाए वहीं शिक्षकों और प्राचार्य को कहा कि इस स्कूल में सभी विषय के शिक्षक हैं, कोई कमी नहीं है। इसलिए स्कूल का प्रतिशत अच्छा आना चाहिए। कलेक्टर के दौरे के समय उलखर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस के बारे में स्कूली बच्चों को जानकारी देने के लिए एकत्र किया गया था और कलेक्टर डा. कन्नौजे के जाने के बाद स्कूली बच्चों को विस्तार से लिवर के देखभाल सहित हेपेटाइटिस बीमारी की रोकथाम आदि के संबंध में विस्तार से समझाया गया।



### छात्रावास का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास उलखर का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहां अधीक्षिका के साथ परिसर सहित कक्षों का निरीक्षण कर खिड़की में जाली और पर्दा लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान दाखिल कर चुके बच्चों की संख्या 22 होने पर 50 दाखिला करने के लिए अधीक्षिका को निर्देशित किए। इसी प्रकार शौचालय में दरवाजा या अन्य किसी भी प्रकार के मरम्मत के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के माध्यम से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को छात्रावास में नियमित रूप से रहने के लिए प्रोत्साहित करने अधीक्षिका को निर्देशित किया। कलेक्टर ने रजिस्टर चेक करते हुए कहा कि कोई बालिका यदि छात्रावास से अपने घर रवानगी करती हैए तो जाने का कारण रजिस्टर में अंकित होना चाहिए साथ ही अधीक्षिका को भी जानकारी होना चाहिए। कलेक्टर ने किसी बालिका के तबियत खराब होने पर उसका इलाज सरकारी अस्पताल में तुरंत कराने के लिए निर्देशित किया। दौरे में अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे उपस्थित थे।

## वृद्धा व अन्य पेंशन प्रकरणों का हो अविलंब निराकरण

# बिना वैध फार्मेसी लाइसेंस के संचालित दवा दुकानों पर करें कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने समय सीमा की बैठक में सभी निर्माण एजेंसीज से कहा कि स्वीकृत कार्यों के लिए टेंडर की प्रक्रिया बारिश समाप्ति के पूर्व कर ली जाए। जिससे बरसात रुकने के तत्काल बाद निर्माण कार्यों को प्रारंभ कराया जा सके।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने ड्रग इंस्पेक्टर्स को दवा दुकानों की नियमित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने बिना फार्मेसी क्वालिफिकेशन के दवा दुकानों के संचालन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वृद्धा पेंशन सहित अन्य पेंशन प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी सीईओ और सीएमओ देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वय वंदना योजना अंतर्गत पिछले एक हफ्ते की प्रगति को नाकाफी बताते हुए कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने दूर दराज के इलाकों में स्वास्थ्य अमले को 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों से संपर्क करते हुए योजना के तहत हितग्राहियों के कार्ड बनाने के निर्देश दिए। सिकल सेल स्क्रीनिंग का कार्य भी पूर्ण करने और लेप्रोसी और मलेरिया के लिए भी लगातार जांच अभियान चलाने के लिए कहा।

हाइपर टेंशन और शुगर के चिन्हित मरीजों नियमित फॉलोअप और उपचार के बारे में जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे मरीजों की लगातार मॉनिटरिंग करें और उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि डेंगू नियंत्रण को लेकर नगर निगम और स्वास्थ्य का अमला लगातार अलर्ट रहकर कार्य करें।

### लंबित आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बैठक में जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल में लंबित आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने समयबद्ध निराकरण पर जोर देते हुए कहा कि जनदर्शन में प्राप्त होने वाले आवेदनों को अविलंब सभी विभाग प्रमुखों को भेज दिया जाता है। ताकि तत्काल निराकरण को दिशा में पहल की जा सके। इसी प्रकार अन्य जनसमस्या निवारण के माध्यमों से प्राप्त आवेदनों पर उचित कार्रवाई विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने विभागीय अधिकारियों से ई ऑफिस के माध्यम से कामकाज के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग अब ई ऑफिस में ऑनबोर्डिंग कर कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने एनआईसी को इसमें आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने धरमजयगढ़ में बन रहे दो मल्टी पर्पस सेंटर की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करवाया जाए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अपर कलेक्टर रवि राही, अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# रात में हाथी से दो युवकों का हुआ सामना, गाड़ी छोड़ जंगल में भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल रेंज में बीती रात दो युवकों को अचानक एक नर हाथी से सामना हो गया। जिसके बाद गाड़ी को मौके पर छोडकर दोनों युवक जंगल की ओर भाग गए। हाथी मित्र दल की टीम को इस मामले की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार की रात छाल रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोजिया और औरानारा पक्की मार्ग में स्थित कोठीसराई के पास दो युवक जब जंगल के रास्ते से गुजर रहे, इसी बीच एक नर हाथी से उनका आमना-सामना हो गया। हाथी को सामने देखकर युवक घबरा गए और गाड़ी वहीं छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। इस घटना की जानकारी मिलते ही हाथी मित्र दल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने पूरी सतर्कता और सूझबूझ के साथ जंगल से दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हाथी मित्र दल और वन विभाग की ओर से ग्रामीणों व जंगल के रास्ते सफर करने वालों से अपील की गई है कि वे रात के समय जंगल के रास्ते आवाजाही करने से बचें। खासकर ऐसे इलाकों से जहां हाथियों की लगातार आवाजाही बरनी रहती है।

**खास बात**

- हाथी मित्र दल की टीम ने दोनों को सुरक्षित निकाला

# मध्यान्ह भोजन रसोइयों ने सरकार को याद दिलाया चुनावी वादा

## मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विधानसभा चुनाव में भाजपा की "मोदी की गारंटी" आज भी रसोइयों के लिए एक अधूरी आस बनी हुई है। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना को सफल बनाने वाली हजारों रसोइएं अब अपने अधिकार की लड़ाई के लिए आवाज बुलंद कर रही हैं।

छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ, द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपकर चुनावी घोषणा पत्र के वादों को याद दिलाया गया। रसोईयों का आरोप है कि चुनाव के समय यह वादा किया गया था कि सरकार बनने के 100 दिन के भीतर मानदेय में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। लेकिन अब सरकार बने 17 महीने बीत चुके हैं, फिर भी यह वादा सिर्फ भाषणों तक ही सीमित है।

### रसोईयों की प्रमुख मांगें

अंशकालीन रसोईयों को पूर्णकालिक घोषित कर कलेक्टर दर से मानदेय दिया जाए।घोषणा पत्र में किए गए अनुसार 50% मानदेय वृद्धि तत्काल लागू की जाए। छात्र संख्या कम होने पर हटाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। हम भी इंसान हैं, हमारी भी जिम्मेदारियाँ हैं- संघ की महिलाओं ने भावुक होकर कहा कि हम भी इंसान हैं, हमारी भी जिम्मेदारियाँ हैं। बच्चों के लिए रोज़ खाना बनाते हैं, फिर भी खुद की थाली खाली रह जाती है। क्या हमारी मेहनत की कोई कीमत नहीं? रसोईयों का कहना है कि यदि अब भी सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले समय में वे राज्य स्तर पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश उत्सव






**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर नगर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका जशपुर के अध्यक्ष अरविंद कुमार भगत ने अभिभावकों, विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि शिक्षा व संस्कार जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए. उन्होंने बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं भी दीं।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश राम ने कहा कि यह विद्यालय बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है जिसके कारण इस विद्यालय की पहचान प्रदेश स्तर पर है, बच्चों को पूरी लगन से पढ़ाई कर बेहतर भविष्य का निर्माण करना चाहिए. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्तिथ नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष व वार्ड क्र 03 के पार्षद राजेश गुप्ता ने कार्यक्रम में सम्बोधन में कहा की इस विद्यालय की स्थापना रियासत काल में सन-1932 ई. में की गयी थी जिसे वर्तमान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल के नाम से जाना जाता है यह विद्यालय अपनी उपलब्धियों के लिए विख्यात है इसे हमेशा बरकरार रखना होगा. प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारा लक्ष्य बच्चों का बहुआयामी विकास है यहाँ के बच्चे हर वर्ष बोर्ड की मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाकर जशपुर जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रौशन कर रहें हैं।

इस प्रवेश उत्सव के आयोजन के माध्यम से नवप्रवेशित बच्चों में विद्यालय व अध्ययन के प्रति सकारात्मक सोच का संचार किया जाता है। मुख्य अतिथि, कार्यक्रम के अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथिगण व संस्था के प्राचार्य के द्वारा कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गयी तथा निःशुल्क पुस्तक व शाला गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर ₹एक पेड़ माँ के नाम ₹ के तहत शाला परिसर में नीम के पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का सन्देश दिया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश सोनी, संतोष सिंह, आशुतोष राय, शुभम गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन उप प्राचार्य महेश गुप्ता व संचालन शिक्षक जयेश सौरभ टोपनो के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुखेश्वर भगत, सुदर्शन साय, रोहिणी सिन्हा, प्रधान सर, कोलेता तिग्गा, सरस्वती भगत, कांताश्राणी टोप्पो, श्रुति, निरंजन कुजूर, विकास पाण्डेय, सचिना मिंज, सुरेश तांडी, समीर टोप्पो, मनीषा मिंज, गायत्री यादव, प्रतिमा त्रिपाठी, पुष्पलता सिदार के साथ ही समस्त शिक्षक, कर्मचारीगण व विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# परसदा वाटरफाल में रहेगी पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के भूपदेवपुर मार्ग में स्थित ग्राम केराझर परसदा में बरसात के समय प्राकृतिक झरने पर अब पुलिस का पहरा देखा जाएगा। चूंकि इस सौ फीट उंचे प्राकृतिक झरने का पानी बरसात के समय शहर व गांव के लोगों के लिये एक पिकनिक का मजा लेने वाला स्थल बन गया है। इतना ही नही इस जगह पर कुछ युवा शर्त लगाकर उंचाई से कूदते हुए स्टंट दिखाते हैं। दो दिन पहले ही बलौदाबाजार से भी इसी तरह की एक घटना सामने आई थी जब एक युवक प्राकृतिक झरने से कूद रहा था और उंचाई से गिरने के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद से पुलिस ने रायगढ़ के केराझर परसदा स्थल में भी कडाई करने के निर्देश जारी कर दिये हैं। रायगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने किसी अनहोनी की आशंका देखते हुए केराझर परसदा के इस झरने स्थल पर आने जाने की रोक लगाने के लिये वहां भूपदेवपुर पुलिस की एक टीम को भेजा है। इस जगह पर जोभी मिल रहे हैं उन्हें झरने में नहाने की मनाही के साथ-साथ आसपास नही रहने की भी समझाईश दी जा रही है।



### बाल पुरस्कार के लिए 15 अगस्त तक करें आवेदन

**रायगढ़।** जिले के ऐसे मेधावी छात्र छात्राएं जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर असाधारण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, वे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है।

## मेडिकल मोबाइल यूनिट में उपलब्ध इलाज व सुविधाओं का लिया गया जायजा

# औचक निरीक्षण कर एमएमयू में कमिश्नर ने कराई डेंगू जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने मंगलवार को मेडिकल मोबाइल यूनिट में उपलब्ध इलाज एवं ब्लड यूरीन सुविधाओं का जायजा लेने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं का डेंगू सहित बीपी शुगर अन्य जांच कराई।

सोमवार की दोपहर निगम आयुक्त श्री क्षत्रिय धोबीपारा पुलिया के पास स्थित मेडिकल मोबाइल यूनिट पहुंचे। पूर्व में कमिश्नर श्री क्षत्रिय द्वारा एमएमयू में उपलब्ध इलाज, जांच एवं अनुबंध के अनुसार सुविधा और व्यवस्थाओं से संबंधित समीक्षा की थी। इस दौरान बहुत सारे कमियां भी पाई गई थी, जिसे जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए थे। इसी तरह कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने सभी एमएमयू में डेंगू, सिकल सेल, मलेरिया एवं टाइफाइड की जांच सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। निर्देश के तहत एमएमयू की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं में सुधार की जांच करने कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने एमएमयू में उपलब्ध इलाज एवं विभिन्न बीमारियों से संबंधित ब्लड यूरीन जांच सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान एम एम यू के डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा अनुबंध के अनुसार सभी तरह के इलाज एवं जांच सहित निशुल्क दवाइयां उपलब्ध होने की बात कही गई। इसपर कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने स्वयं का रजिस्ट्रेशन करा कर डेंगु, शुगर, एलएफटी, आरएफटी, सीबीसी आदि जांच कराई स इसमें डेंगू नेगेटिव एवं सभी जांच नॉर्मल रही।



कमिश्नर सी क्षत्रिय ने कहा कि वर्तमान में मौसमी बीमारियों के मरीज ज्यादा आते हैं। मौसमी बीमारियों के इलाज से संबंधित पूर्ण सुविधा दवाइयां का स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए। इसी तरह लक्षणों को देखकर मरीजों का डेंगू, सिकलसेल, मलेरिया एवं टाइफाइड जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एमएमयू में डेंगू, मलेरिया, सिकल सेल, टाइफाइड की जांच शहरवासियों को उनके घर के पास निशुल्क एवं त्वरित इलाज के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे गरीब एवं मिडिल क्लास लोगों का निशुल्क जांच एवं इलाज उपलब्ध होगा और उन्हें जांच एवं इलाज में अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा।

### मेडिकल मोबाइल यूनिट में 41 तरह की निःशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध

एमएमयू में शुगर, एलएफटी, आरएफटी, सीबीसी, लिपिड प्रोफाइल, कैल्शियम, सिरम, यूरिक एसिड, विटामिन, इलेक्ट्रोफ़ोरेसिस, यूरिन कल्चर, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, सिकल सेल सहित विभिन्न बीमारियों के 41 तरह की जांच की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। इसमें 12 प्रकार के जटिल जांच को बाहर भेजा जाता है, जिसके रिपोर्ट आने में चार दिनों का समय लगता है। इसपर कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने सभी तरह की जांच यही के लैब सेंटर से अनुबंध करने और त्वरित जांच रिपोर्ट एवं इलाज सुविधा लोगों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411